53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.7°c
अधिकतम 30.0 °c

**अमृतवाणी**
सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
विदेशी नेताओं से हाथ मिलाने से कोई फायदा नहीं होने वाला, भारत आज वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ता जा रहा है : अखिलेश यादव



सरकार को....विपक्षी नेताओं की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए....

सूर्योदय - 5:43, सूर्यास्त - 7:06 | वर्ष : 53/अंक : 218 | शुक्रवार, 08 अगस्त 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4




Bindals Papers Mills Limited
WRITING & PRINTING PAPER
SUGAR & ETHANOL
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR

Quantum UNIVERSITY
ROORKEE, UTTARAKHAND
INDIA TODAY NO 1
PRIVATE UNIVERSITY OF UTTARAKHAND
www.quantumuniversity.edu.in
7308080803
7308080804







उद्योग-व्यापार में प्रसिद्धि-समृद्धि-ख्याति
NO 1 OOH
RESHU advertising Pvt. Limited
8899120120
www.reshuadvertising.com

## पुलिस ने किया बड़ा खुलासा, हवाला के 24 लाख रुपये के साथ साहिल व तालिब गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि हवाला के जरिए लाई गयी पूरे 24 लाख रुपये की रकम के साथ तीन युवकों को पकड़ा है। बड़ी बात यह है कि तीनों युवकों के कनेक्शन सऊदी अरब से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने तीनों के पकड़े जाने के बाद इसकी जानकारी इन्कम टैक्स विभाग को भी दी। हाथोंहाथ इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम तीनों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी। पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने रामलीला टिल्ला क्षेत्र में पुलिस ने बाइक सवार साहिल व तालिब निवासीगण चांदनी वाला मंदिर मोहल्ला बटवाड़ा थाना बुढाना व आजम निवासी मिमलाना रोड नाज कॉलोनी को चैकिंग में रोक लिया। चैकिंग के दौरान दोनों के पास से 24 लाख रुपये की रकम बरामद की गयी। जब पुलिस ने इतनी भारी भरकम रकम के बारे में पूछताछ की तो इन लोगों ने कोई जानकारी नहीं दी। इस पर पुलिस तीनों को थाने ले आई। इसके बाद एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़े गए युवकों ने अभी तक पैसों के बारे में तो कोई जानकारी नहीं दी मगर यह



पता चल चुका है कि पैसा हवाला के जरिए सऊदी अरब से आया है और तीनों युवक पैसे को इंडियन करेंसी में बदलकर कहीं पहुंचाने जा रहे थे। उक्त मामले में इन्कम टैक्स के डिप्टी डायरेक्टर दीपक चौधरी को जानकारी दी गयी है। इन्कम टैक्स की टीम ने शहर कोतवाली में पहुंचकर तीनों से घंटों पूछताछ की। फिलहाल पैसे को सीज करा दिया गया है। उसके बाद इन्कम टैक्स की टीम तीनों को अपने साथ लेकर मेरठ चली गयी है। इन्कम टैक्स की जांच पूरी होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### सिपाही की करतूत भी आई सामने, किया गया सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर।** जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि सरकारी कुर्सी पकड़कर बैठने वाले इस सरकार में नए-नए खेल खेल रहे हैं और अदने से सिपाहियों के भी हौसले बुलंद हैं। 24 लाख रुपये के मामले में भी उक्त तीनों युवकों के साथ एक सिपाही डेविड जोकि वर्तमान में लाइन की ड्यूटी कर रहा है, इन तीनों युवकों के साथ संलिप्त पाया गया। बताया जाता है कि इसी सिपाही ने अपने एक साथी की मदद से इन तीनों को पकड़ा और तीनों को लेकर अपने कमरे पर ले गया। उक्त तीनों युवकों को पुलिस व इन्कम टैक्स का रौब गालिब किया गया और आधी रकम अपने पास रख ली और युवकों को वहां से चलता कर दिया। जैसे कैसे उक्त मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को लगी तो एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मामले की जांच एसपी सिटी को सौंपी। जांच में सिपाही की भूमिका संदिग्ध मिली। इसी के चलते एसएसपी ने सिपाही डेविड को सस्पेंड कर दिया।



## शाहबुद्दीनपुर गांव में एएनएम की हत्या का खुलासा, दुष्कर्म के विरोध में हुई हत्या

**मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)।** बुधवार को शहर कोतवाली के शाहबुद्दीनपुर गांव में एएनएम बबीता की गला रेतकर सनसनीखेज हत्या कर दी गयी थी। यह एहसास तो कल ही हो चुका था कि हत्यारा पुलिस पकड़ में आ चुका है और कुछ घंटों के बाद ही मामले का खुलासा हो जाएगा। हालांकि पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया है। पुलिस का बताना है कि देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बंटी निवासी गांव शाहबुद्दीनपुर को नई आबादी मिमलाना रोड के पास घेर लिया गया है। पुलिस की घेराबंदी होने पर पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग भी की। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने गोली चलाई तो आरोपी बंटी घायल हो गया। घायल होने के बाद जब आरोपी पुलिस पकड़ में आया तो उसने बताया कि महिला मकान में अकेली थी, उसका फायदा उठाकर उसने महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला का तकिये से मुंह दबा दिया और मुंह पर घूंसे मारकर उसकी हत्या कर दी।



फिलहाल पुलिस ने हत्या का खुलासा कर आरोपी बंटी को जेल भेज दिया है। हालांकि उक्त मामले में अभी क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

देर रात ही सीओ सिटी ने भी इस मामले की जानकारी देते हुए बताया था कि बबीता के घर सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध व्यक्ति जाता हुआ दिखाई पड़ा है, सम्भवतः उसकी के द्वारा बबीता की हत्या की गयी है। आज प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सत्य नारायण प्रजापत ने भी खुलासा करते हुए यही जानकारी दी कि इस संदिग्ध व्यक्ति ने ही जोकि कैमरे में दिखाई दिया था, महिला की हत्या की है। महिला बबीता चरथावल गांव के गांव मलीरा में एएनएम के पद पर कार्यरत थी और उसका पुत्र गौरव रेलवे विभाग में कार्यरत है।

## योगी सरकार का बहनों को तोहफा : अब रक्षाबंधन पर तीन दिन तक सहयात्री के साथ कर सकेंगी मुफ्त सफर

**लखनऊ, 7 अगस्त (एजेंसी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ हमेशा प्रदेश की बहनों के विकास कार्य करने के लिये अग्रसर रहते हैं। चाहे किसी भी तबके की बात हो या सुरक्षा की बात हो, प्रशासन को योगी की ओर से सख्त आदेश होते हैं। इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बहनों को रक्षबंधन पर बड़ा तोहफा दिया है। योगी आदित्यनाथ ने 8, 9 और 10 अगस्त को महिलाओं और बेटियों को निःशुल्क यात्रा करने की सौगात दी है। सबसे खास बात यह है कि इस दौरान उनके साथ एक परिजन के रूप में सहयात्री भी यात्रा कर






सकता है, जिसकी यात्रा भी बिल्कुल निःशुल्क रहेगी। बहनों के लिए यह यात्रा सिर्फ यूपी रोडवेज की बसों के साथ-साथ अन्य राज्यों की बसों में भी फ्री रहेगी। इसके साथ महिलाएं और बेटियों के लिए सिर्फ नॉन एसी बसों में यात्रा निःशुल्क रहेगी। अगर आप एसी बस में यात्रा करते हैं, तो आपको किराया देना होगा। वहीं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर किसी भी यात्री को परेशानी न हो, इसके लिए 7 अगस्त से 12 अगस्त तक यानी छह दिनों तक अधिक से अधिक बसों का संचालन कराया जाएगा। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि अनुबंधित बसों का भी संचालन कराया जाएगा और कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाएगी।

### पहली बार मिलेगी तीन दिन तक मुफ्त यात्रा की सुविधा

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार पहली बार महिलाओं को तीन दिन तक मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है, जबकि पहले यह सुविधा दो दिन तक थी। रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश रोडवेज ने बस सेवाओं को बढ़ाने का निर्णय लिया है। खासकर दिल्ली मार्ग पर, जहां सबसे अधिक यात्री आवागमन करते हैं, बसों की संख्या में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा, यूपी के विभिन्न शहरों के बीच बसों के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे।



### गांव कवाल में दो संदिग्ध व्यक्ति पकड़े

**जानसठ, 07 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव कवाल में बुधवार की रात्रि को ग्रामीणों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते देखा। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने दोनों व्यक्तियों को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्ति अर्धविक्षिप्त हैं। गांव कवाल में पिछले कई दिनों से बदमाशों की अफवाहों को लेकर ग्रामीण रात्रि में पहरा लगा रहे हैं। बुधवार की रात्रि को ग्रामीण गांव में पहरा दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गांव में घूमते हुए देखा। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर दोनों व्यक्तियों को दबोच लिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस गांव में पहुंची। ग्रामीणों ने दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा का कहना है कि ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए दोनों व्यक्ति अर्धविक्षिप्त हैं।**

## निर्दोषों को पीटने के आरोप में दस युवक गिरफ्तार, महिलाओं ने किया विरोध

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** बुधवार को रात्रि नौ बजे शाहबुद्दीनपुर गांव में एएनएम बबीता की हत्या के बाद सैंकड़ों की संख्या में लोग लाठी-डंडे व फरसे लेकर महिला के घर के चारों तरफ पहुंच गये थे, क्योंकि क्षेत्र के लोगों को एक संदिग्ध युवक पर शक हुआ था, मगर शक के आधार पर क्षेत्र के लोगों ने दो निर्दोष लोगों की पिटाई कर दी थी। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा गुरूवार के अंक में यह पहले से ही प्रकाशित कर दिया गया था कि भीड़ ने जोश में आकर निर्दोष युवकों की पिटाई कर दी है। इसी आधार पर गुरूवार की रात लगभग दस बजे पुलिस ने वीडियो के आधार पर पूरे दस युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जिससे फिर एक बार शाहबुद्दीनपुर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और गिरफ्तार करने आयी पुलिस को महिलाओं ने खूब खरी-खरी सुनाई और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने युवकों की गिरफ्तारी की तो किसी भी सूरत में यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और कल थाने पर ही जमकर हंगामा होगा। फिलहाल जद्दोजहद के बाद ही पुलिस युवकों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची और शांति भंग में चालान करने की तैयारी कर रही है। अब देखना यह होगा कि कल पकड़े गये युवकों को क्षेत्र के लोगों के हंगामे के बाद ही छोड़ा जायेगा, या फिर इन्हें जमानत पर ही रिहाई मिल पायेगी। समाचार लिखे जाने तक शाहबुद्दीनपुर रोड पर युवकों की गिरफ्तारी के विरोध में आक्रोश उबल रहा था।





## कई महीनों बाद त्यौहार के चलते बाजारों में आयी रौनक, जाम को कंट्रोल नहीं कर पाया ट्रैफिक विभाग

### बहनों ने भाईयों के लिए खरीदी खूबसूरत प्यार की डोर, तो भाईयों ने खरीदे उपहार

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** गुरूवार को बाजारों में शाम ढलते ही जमकर रौनक दिखाई दी। कई दिनों पर जब त्यौहार आने शुरू हुए तो प्रत्येक दुकानदार के चेहरे पर रौनक दिखाई दी। एक ओर जगह-जगह सजी राखियों की दुकानों पर बहनों की भीड़ दिखाई पड़ी। वहीं दूसरी तरफ भाई भी अपनी बहनों के लिए कहीं सूट, कहीं साड़ी, कहीं लेडिज पर्स, तो कहीं कुछ ओर गिफ्ट खरीदते दिखाई दिये। चूंकि उक्त त्यौहार भाई-बहनों का त्यौहार है, ऐसे में आज सड़कों पर पुरूषों और महिलाओं की जमकर भीड़ दिखाई पड़ी। सड़क हो या शोरूम हर जगह भीड़ का यह आलम था कि 15-20 मिनट इंतजार करके ही बहनों को राखियां मिल पा रही थी। देर शाम में ही भगत सिंह रोड पूरी तरह जाम दिखाई दिया और 15-20 मिनट दोपहिया वाहन रेंग-रेंगकर चलते दिखाई दिये। इस बार भी ट्रैफिक विभाग जाम को खुलवाने में असफल रहा, क्योंकि ट्रैफिक विभाग को यह अंदाजा ही नहीं हो पाया कि एकाएक इतनी भीड़ त्यौहार के चलते सड़कों पर उतर आयेगी। ऐसे में आम नागरिक घंटों जाम में ही फंसे रहे।





## नगरपालिका में खेला, टीएस से मांगा ईओ ने स्पष्टीकरण

### ▶▶ फर्जी किरायेदारी सर्टिफिकेट में आरआई ने कर दिया था इंकार ▶▶ भाजपा के वार्ड सभासद का नाम भी चर्चा में

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** पालिका के टैक्स विभाग में फर्जी किरायेदारी सर्टिफिकेट मामले में जांच शुरू हो गई है। मामले में ईओ ने सर्टिफिकेट जारी करने वाली कार्यवाहक टीएस को नोटिस देते हुए जवाब मांगा गया है, जिसमें साफ तौर पर पूछा है कि मामले में बिना नियमों के सर्टिफिकेट कैसे जारी हुआ और इसमें कौन जिम्मेदार या संलिप्त है। हालांकि प्रारम्भिक जांच में यह बात सामने आई है कि कर निरीक्षक ने यह सर्टिफिकेट जारी करने के लिए आवेदन पर रिपोर्ट लगाने से इंकार कर दिया, लेकिन एक लिपिक और कुछ कर्मियों ने साजिश करते हुए आरआई को किनारे कर खेल कर दिया। पालिका में हुए इस खेल में एक वार्ड सभासद का नाम चर्चाओं में है, जिसके संरक्षण में यह सब कुछ किया गया।

नगरपालिका परिषद् के टैक्स विभाग में गृहकर व जलकर की वार्षिक वसूलयाबी में अचल संपत्ति 1073 मौहल्ला खालापार बैराईया पत्नी मौ. हबीब और मेहराज बानो पत्नी मौ. इनाम के नाम पंजीकृत है। इस संपत्ति के लिए पालिका टैक्स विभाग से एक फर्जी किरायेदारी सर्टिफिकेट जारी करने का मामला सामने आया है। इसमें कार्यवाहक टीएस पारूल यादव, विभागीय लिपिक प्रवीण कुमार, लाइसेंस पटल पर कार्यरत बीसी सोनू मित्तल व एक आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर राज के साथ ही हल्के के राजस्व निरीक्षक अमित कुमार का नाम प्रथम दृष्टया सामने आया है। हालांकि जांच ही के बाद दोष साबित हो पायेगा। इस खेल में नियम ताक पर रखते हुए फर्जी रिपोर्ट बनाते हुए किरायेदारी सर्टिफिकेट जारी किया, जिससे संपत्ति काबिज रहने का विवाद शुरू हो गया।

मामला बीते 4 अगस्त को तब खुला, जब महराज बानो ने पालिका पहुंचकर टैक्स विभाग में अपनी इस संपत्ति 1073 पर व्यवसायिक श्रेणी के गृहकर-जलकर को घरेलू श्रेणी में कराने और उसमें चल रहा स्कूल काफी समय से बंद होने के लिए आवेदन दिया। इसकी जांच में यह सामने आया कि इस अचल संपत्ति पर किरायेदारी सर्टिफिकेट पालिका के टैक्स विभाग ने जारी किया है। इसके बाद संपत्ति स्वामियों ने पालिका पहुंचकर हंगामा किया तो बड़ी गड़बड़ी सामने आई।

उक्त मामले में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जांच शुरू करा दी है। अभी तक जांच में सामने आया कि टैक्स विभाग से कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव के द्वारा किरायेदारी प्रमाण पत्र संख्या 716/2023-24 गौहर अली पुत्र अनवर हुसैन को पंजीकृत संपत्ति 1073 के लिए जारी किया है। इसमें संपत्ति करदाता बैराईया और महराज बानो के नाम दर्ज हैं, जबकि इसी संपत्ति में जामिया इंटरनेशनल अकेडमी के लिए गौहर अली को 3 हजार रुपये मासिक किरायेदार दर्शाया है, जबकि गौहर अली बकरा मार्किट के निवासी बताए हैं। जांच में यह बात भी सामने आया है कि कर निरीक्षक अमित कुमार ने इस किरायेदारी सर्टिफिकेट के लिए अपनी रिपोर्ट आवेदन पर लगाने से इंकार कर दिया था, क्योंकि यह नियम विरुद्ध था। राजस्व निरीक्षक ने अपने बयान में बताया कि उन्हें किनारा करते हुए साजिश के तहत सर्टिफिकेट जारी किया है। इसमें लिपिक प्रवीण कुमार, बीसी सोनू मित्तल व आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर राज की साजिश की बात कही जा रही है।



**इन्होंने कहा- पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है। इसमें एक लिपिक और कुछ अन्य पालिका कर्मियों के नाम सामने आये हैं। जांच कराई जा रही है, कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है।**

## धराली त्रासदी: एक ऑफिसर, 8 जवान लापता, धराली से 70, हर्षिल से 190 का रेस्क्यू

**देहरादून, 7 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 3 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 जवान लापता हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एआईआईएमएस ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सैकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।





### देर रात सीएम ने ली बैठक

**देहरादून।** देर रात्रि कैंप कार्यालय उत्तरकाशी में सीएम धामी ने एनडीआरएफ और आईटीबीपी के अधिकारियों के साथ बैठक कर धराली में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा की। सेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से धराली में वृहद स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बंद सड़कों को खोलने का काम भी निरंतर गतिमान है। जनजीवन को सामान्य बनाने के प्रयास जारी है।

### एक्शन में इंडियन आई भारतीय वायु सेना

**देहरादून। भारतीय वायुसेना ने युद्धस्तर पर शुरू किया अभियान। बरेली में एमआई-17 हाई अलर्ट पर हैं। आगरा से एन-32 और सी-295 विमान देहरादून पहुंच गए हैं। इन विमानों में राहत और बचाव सामग्री है, जो प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई जाएगी। बरेली और आगरा स्टेशन को रात के समय ही एक्टिव कर दिया गया था।**

### उत्तरकाशी में राहत कार्यों के लिए वायुसेना ने चिनूक किये तैनात

**देहरादून।** भारतीय वायु सेना ने उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य करने के लिए चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलीकॉप्टरों को तैनात किया है। यह घटना धराली गांव के पास भीषण बादल फटने और भूस्खलन के कारण कई लोगों के फंस जाने के बाद हुई है। राज्य में मानसून के कारण भारी व्यवधान देखने को मिल रहे हैं, खासकर इसके ऊँचाई वाले क्षेत्रों में, जिसके कारण कई एजेंसियों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर निकासी और राहत अभियान चलाए जा रहे हैं।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अवैध असलाहों की तस्करी करने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश : पांच गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस व क्राइम ब्रांच ने संयुक्त रूप से एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बताया कि इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अवैध असलाहों की तस्करी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पिस्टल, रिवॉल्वर, तमचें, मस्कट व एक स्कूटी बरामद की गयी है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम व क्राइम ब्रांच को साथ लेकर मुखबिर की सूचना पर संधावली अंडर पास के बराबर से अवैध हथियारों की तस्करी करने आए तस्कर सालिक,आरिफ व असद निवासीगण निवासी मोहल्ला बनियापाडा थाना कोतवाली नगर मेरठ, आकिब निवासी लखीमपुरा थाना लिसाडी गेट मेरठ व कुश कौशिक निवासी मोहल्ला खजूरी दरवाजा थाना किला परीक्षितगढ़ मेरठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से हथियारों का एक बड़ा जखीरा जिसमें 9 एमएम के 3 पिस्टल, 1 रिवाल्वर, 9 तमंचे, 2 मस्कट व 1 स्कूटी बरामद की हैं। पकड़े गए गिरोह का सरगना सालिक है। गिरोह के सदस्य अन्य जनपदों से अवैध हथियार लाकर जनपद व आसपास के जनपदों में सप्लाई करने का काम करते हैं।





### शातिरों की निगाह ऐसे युवकों पर रहती थी, जो हथियारों के साथ रील बनाने का शौक रखते थे

**मुजफ्फरनगर।** पांचों आरोपी इतने शातिर हैं कि वे आजकल की युवा पीढ़ी का टेस्ट समझकर काम किया करते थे। ऐसे युवाओं को वे अपना टारगेट बनाते थे जो अवैध असलाह के साथ रील बनाने का शौक रखते थे। इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मो से बड़े ही शातिर तरीके से युवा पीढ़ी को अपने झांसे में लेकर उक्त गिरोह युवाओं को अवैध हथियार उपलब्ध करता था। आरोपियों ने बताया कि पिस्टल को 40-50 हजार व तमंचों को 10-15 हजार में बेचा जाता था। उक्त सभी गिरोह में एक सदस्य कुश कौशिक मेरठ के आईएमटी का छात्र है और एमसीए की पढ़ाई कर रहा है। फेल होने के कारण पैसे की कमी के चलते वह इस गिरोह से जुड़ गया और इसी में से एक आरोपी आरिफ कपड़े की दुकान पर काम करता था व तीन लोग मजदूरी करते थे। जल्द ही अमीर होने के चक्कर में उक्त सभी ने इस कार्य को अंजाम दिया।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# निर्वाचित जनप्रतिनिधि और एक लीडर

निर्वाचित जनप्रतिनिधि बन जाना एक अलग बात है और एक लीडर बनना अर्थात जन-जन के दिल में उतर जाना दूसरी बात है। नेता कहलाना अलग है, नेता होना अलग है। इसे साऊथ की एक फिल्म में संवाद के रूप में भी कहा गया है, उसमें अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग किया गया है। फिल्मी डायलॉग में कहा गया है कि 'तुम पोलटिशियन तो बन गये हो लीडर नहीं' इस संवाद में बात ज्यादा साफ हो जाती है। पॉलिटीशियन बनना अलग है और लीडर बनना अलग। आजकल के पॉलिटीशियन आएं बाएं शाएं बोल कर अपना काम चलाते हैं, झूट को यकीन के साथ बोलते हैं, कुछ भी बोलते रहते हैं, जबकि लीडर की बातों में जनहित का भाव झलकता है, देशहित झलकता है। पोलटिशियन बनना एक्सीडेंटल भी हो सकता है, लीडर बनना बड़ी बात है। इसी बात को तेलंगाना के मुख्यमन्त्री रेवंत रेड्डी ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा। रेवंत रेड्डी के इंटरव्यू का समाचारों में कम और सियासी गलियारों में ज्यादा चर्चा है। उनकी टिप्पणियों को सीधे-सीधे राहुल गांधी पर कटाक्ष ही माना जा रहा है, हालांकि उन्होंने राहुल गांधी का नाम नहीं लिया। तेलंगाना के मुख्यमन्त्री ए. रेवंत रेड्डी ने एक साक्षात्कार में वंशवाद की राजनीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ एक जनप्रतिनिधि के रूप में चुना जाना ही जनता के नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि और एक नेता के बीच अंतर होता है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचित जनप्रतिनिधि बन सकता है, चाहे वह भाग्य से हो, संयोग से हो, संयोग से हो या फिर अपने वंश से। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत उसके पुत्र, जीवनसाथी या परिवार के अन्य सदस्य भी निर्वाचित हो सकते हैं। इस प्रकार, पारिवारिक संबंधों और वंशवाद के कारण कोई भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि हो सकता है। फिर भी, यह किसी व्यक्ति को नेता नहीं बनाता, क्योंकि उस भूमिका के लिए विशिष्ट गुणों की आवश्यकता होती है। एक नेता को नेतृत्व करना चाहिए और इसलिए उसमें नेतृत्व के गुण होने चाहिए, जिनमें विकास को बढ़ावा देना, कल्याण को बढ़ावा देना और दर्शन एवं नीतियों को समझना शामिल है। रेड्डी ने तो यहाँ तक कह दिया कि वे आलाकमान के आदेशों के आगे नहीं झुकेंगे। इसके अलावा, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके फैसले पूरी तरह स्वायत्त हैं और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के किसी भी हस्तक्षेप से मुक्त हैं। मुख्यमन्त्री ने स्पष्ट किया कि मैं दिल का राजा हूँ। कोई भी मुझसे जबरदस्ती काम नहीं करवा सकता। मुझे व्यक्तियों से नहीं, बल्कि व्यवस्था और समाज से डर लगता है। चर्चा है कि यह बयान रेड्डी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के बीच हुए तीखे विवाद के बीच दिया गया था, वह इस बात से नाराज थे कि एआईसीसी ने उनसे बिना कोई चर्चा किए ही मीनाक्षी नटराजन की ₹पदयात्रा₹ का फैसला कर लिया, जिसके कारण यह टकराव हुआ। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआईसीसी उन्हें बदनाम या कमजोर नहीं कर सकती। इस विवाद के चलते पार्टी के कार्यक्रम को पुनर्निर्धारित करना पड़ा। इसके अलावा, रेवंत रेड्डी, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अपने बयान पर अड़े रहे, जिन्हें उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व की निराशा के बावजूद अपना बड़ा भाई बताया। उन्होंने संस्कृति के आधार पर इसका बचाव किया और कहा कि वह प्रधानमन्त्री का सम्मान इसलिए कर रहे थे, क्योंकि वह उम्र में बड़े हैं, उनका कद और अनुभव भी ज्यादा है। रेड्डी ने कहा कि इसमें राजनीतिक रूप से कुछ खास मतलब नहीं निकाला जा सकता। अगर वह मुझे अपना 'छोटा भाई' मानते हैं, तो यह मेरे और राज्य के लिए अच्छा है। दिलचस्प बात यह है कि राजनीति में भाई-भतीजावाद के संबंध में तीखी टिप्पणियां ऐसे समय में सामने आई हैं, जब मुख्यमन्त्री और कांग्रेस आलाकमान के बीच टकराव बढ़ रहा है। ऐसे निर्वाचित जनप्रतिनिधि बहुत हैं, जो लीडर नहीं है सिर्फ अपने अहंकार में डूबे बयानों से या बकवास के दम पर सुर्खियों में रहने वाले लीडर नहीं बन जाते, वे केवल चैनलीय सामग्री के अलावा कुछ नहीं होते। उनके कुछ समर्थक उनके नारे लगाकर उनमें लीडर होने का भरम बनाए रखते हैं। रेवंत रेड्डी के इंटरव्यू के इस अंश को राहुल गांधी से जोड़ कर देखा जा रहा है, रेवंत रेड्डी कहते हैं कि एक निर्वाचित प्रतिनिधि और एक नेता के बीच अंतर होता है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचित प्रतिनिधि बन सकता है, चाहे वह भाग्य से हो, संयोग से हो या फिर अपने वंश से। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत उसके पुत्र, जीवनसाथी या परिवार के अन्य सदस्य भी निर्वाचित हो सकते हैं। इस प्रकार, पारिवारिक संबंधों और वंशवाद के कारण कोई भी निर्वाचित प्रतिनिधि हो सकता है। यह किसी व्यक्ति को नेता नहीं बनाता, क्योंकि उस भूमिका के लिए विशिष्ट गुणों की आवश्यकता होती है। एक नेता को नेतृत्व करना चाहिए और इसलिए उसमें नेतृत्व के गुण होने चाहिए, जिनमें विकास को बढ़ावा देना, कल्याण को बढ़ावा देना और दर्शन एवं नीतियों को समझना शामिल है। रेवंत रेड्डी वैसे तो केन्द्र सरकार पर निशाना लगाते ही रहते हैं, लेकिन इस इंटरव्यू में उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को बड़ा भाई बताया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि रेवंत रेड्डी भी शशि थरूर की राह पर चल रहे हैं। तेलंगाना में इस इंटरव्यू के बारे में दो तरह की राय है, कहा जा रहा है कि यह सीधे-सीधे राहुल गांधी पर निशाना है और यह भी कहा जा रहा है कि रेवंत रेड्डी ने जनप्रतिनिधि और नेता की सही व्याख्या की है, इसे गांधी परिवार से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। रेवंत रेड्डी ने प्रधानमन्त्री को बड़ा भाई कहा तो उसमें वे तेलंगाना ही का हित सोच रहे हैं। अमेरिका से टैरिफ प्रकरण के बीच प्रधानमन्त्री मोदी ने एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा,हमारे लिए, हमारे किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। मुझे पता है कि हमें इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और मैं इसके लिए तैयार हूं, भारत इसके लिए तैयार है। प्रधानमन्त्री के इस बयान को एक नेता का लीडर का बयान कहा जा रहा है। लीडर वही है, जो देशहित के लिए अपना जीवन लगा रहा हो।

दमसाज़ : मित्र
साहिबे एज़ाज़ : पुरस्कार पाने वाला

## चार तीर

सुनील उत्सव

'नूर' 'मिज़ाज' 'दमसाज़' 'तामझाम'

रिश्ते में नूर लाती हैं दोनों की कोशिशें,
अपना मिज़ाज देख ले दमसाज़ पर न जा।
उसका ही तामझाम है, उसका ही इंतज़ाम,
दौलत को देख साहिबे एज़ाज़ पर न जा।

पंचम पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती शर्मिष्ठा देवी

निर्वाण तिथि:- 08 अगस्त 2020

सोचा ना था कभी, वो साथ आपका छूटेगा माँ।
जीवनभर था स्नेह का बंधन, वो मझधार में टूटेगा ।।
आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, और आशीर्वाद
हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे ।
आपकी पंचम पुण्यतिथि पर हम परिवारजन
भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

-: श्रद्धासुमन:-

आदित्य कुमार शर्मा - फौजी (पति)
बंटी शर्मा (पुत्र)
नितिन कौशिक-प्रीति कौशिक (दामाद-पुत्री)
अंकित कौशिक-दीप्ति कौशिक (दामाद-पुत्री)
नमन कौशिक, गौरांश कौशिक(धेवते)

-: प्रतिष्ठान:-

आदित्य स्टेशनरी, कच्ची सड़क, मुजफ्फरनगर

निवास स्थान:- 226, इन्द्रा कॉलोनी, मुजफ्फरनगर







# श्रीमति प्रेमलता जैन की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे आम-ओ-खास

## – नम आंखों से दी भाव पूर्ण श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि अर्पित

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** श्रीमति प्रेमलता जैन जी की गुरूवार को संपन्न श्रद्धांजलि सभा में हजारों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। नगर के जानसठ रोड स्थित एक बैंकटहॉल में संपन्न हुई श्रद्धांजलि सभा में प्रेम विहार निवासी प्रेम विहार कॉलोनी ट्रस्ट संस्थापक सचिव कामरेड स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार जैन की धर्मपत्नी एवं वर्तमान अध्यक्ष राजीव जैन की पूज्य माताजी श्रीमति प्रेमलता जैन के निधन से व्यथित परिवारों ने उन्हें नम आंखों से अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कई स्मरण सुनाते हुए उन्हें याद किया। जानसठ रोड स्थित बैंकटहॉल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, यूपी बैंक एम्पलाइज यूनियन मुजफ्फरनगर के मंत्री आरपी शर्मा, अशोक शर्मा, तेजराज गुप्ता, अशोक शर्मा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक, यशवीर सिंह, कुशपुरी, आकाश कुमार, विप्लव जैन, राजेश जैन गर्ग डुप्लेक्स, संजय जैन, व्यापारी नेता संजय मित्तल, प्रदीप मलिक, डॉ. पंकज जैन, प्रवीण जैन हुंडई, बीके सूर्यवंशी, मुकेश भार्गव, सुनील गुप्ता सहारनपुर, वीके सिंह लखनऊ, अरूण कुमार चीनी वाले, सुधीश प्रकाश टिकौला शुगर मिल, सरदार सुख दर्शन सिंह बेदी, सुरेन्द्र अग्रवाल, राजीव गर्ग, श्रीपाल सिंह पुंडीर, राजेश शर्मा समेत अन्य निदेशक आलोक सहकारी आवास समिति, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, डॉ. सुनील जैन, वीरेश जैन पेट्रोल पंप, सुधीर जैन आड़ती, मुकेश जैन एड, सुधीर जैन घोह्लू, मनोज जैन महलका, हंस कुमार जैन जैन मंडी, सुशील जैन अध्यक्ष जैन समाज खतौली, प्रदीप जैन टिकरी, संजय जैन मुखिया, कल्पेंद्र जैन, योगेश जैन सर्राफ, सुनील जैन सर्राफ, प्रमोद गुप्ता टेंट वाले, गांधी टेंट परिवार, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, देवव्रत त्यागी, विजय शुक्ला, विजय जैन ईवान हॉस्पिटल, सुरेंद्र शर्मा एड. सहित अनेक संस्थाओं से प्राप्त शोक संदेश आर पी शर्मा ने पढ़ कर सुनाये। सभा का संचालन कल्पेन्द्र जैन ने किया गया। श्रद्धांजलि सभा को श्रीमती प्रेमलता जैन की पुत्री मंजू जैन, मुकेश कुमार जैन एड. और नवीन कुमार सरसावा ने संबोधित करते हुए उनकी स्मृतियों को परिजनों के बीच साझा किया।

# बाइक रैली के बूते दिया गया जज्बा दौड़ के लिए निमंत्रण

## - चेयरपर्सन व बुलेटिन संपादक ने किया रैली को रवाना

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति की ओर से आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित जज्बा दौड़-11 से जुड़ने की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की खातिर गुरूवार सायं नगर की सड़कों पर आयोजन समिति की ओर से एक बाइक रैली का आयोजन किया गया। नगरीय क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई इस बाइक रैली का शुभारंभ पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पंजाबी समाज समिति के अध्यक्ष अंकुर दुआ समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा केसरिया झंडी दिखा किया गया।




गुरूवार सायं गांधी वाटिका गांधी कॉलोनी से प्रारंभ हुई बाइक रैली गांधी कॉलोनी से होकर मौ. द्वारिकापुरी, भोपा रोड, नई मंडी गौशाला रोड, पटेलनगर, जानसठ रोड फ्लाईओवर, महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिवचौक और झांसी की रानी एवं प्रकाश चौक होते हुए रेशु विहार स्थित प्रमुख समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशु के निवास स्थान पर संपन्न हुई। नगर क्षेत्र में निकाली गई बाइक रैली का रैली मार्ग पर अनेक स्थानों पर लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। इस दौरान समर्पित परिवार के सदस्यों ने बड़े प्रेम के साथ सभी लोगों को जज्बा दौड़-11 में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस बीच पूरा बाइक रैली मार्ग भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद के नारों से गूंज उठा। नगर में जहां-जहां से बाइक रैली गुजरी वहां पर लोगों ने बड़ी उत्सुकता के साथ कार्यक्रम की जानकारी समिति के सदस्यों से प्राप्त की। इस बाइक रैली को सफल बनाने में समर्पित युवा समिति के साथ समर्पित महिला शक्ति के सभी सदस्यों का पूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा से भंग हुआ मोह, मंडल अध्यक्ष ने ही पार्टी छोड़कर आसपा को दिया समर्थन

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)।** जैसा कि सर्वविदित है कि धीरे-धीरे खुद भाजपाईयों का मोह भाजपा से भंग होता दिखाई पड़ रहा है। इसका साक्षात उदाहरण तब सामने आया, जब भाजपा का सिर्फ साधारण कार्यकर्ता ही नहीं मंडलाध्यक्ष पीनना मंडल प्रमोद कश्यप मंडल मंत्री और प्रवीण कश्यप ने पार्टी से मोह भंग हो जाने पर आजाद समाज पार्टी के नेता अमरकांत मलिक जिला पंचायत सदस्य को अपना पूर्ण समर्थन की घोषणा की। गांव दधेड़ू कलां में स्वयं मंडल मंत्री प्रवीण कश्यप के आवास आजाद समाज पार्टी के नेता अमरकांत मलिक का जोरशोर से स्वागत किया गया और खुलकर यह बात कही कि उनका भाजपा से पूरी तरह मोह भंग हो चुका है। इसी के चलते वें जिला पंचायत चुनाव में व विधानसभा चुनाव में अब आजाद समाज पार्टी के साथ रहेंगे और सांसद चन्द्रशेखर के हाथों को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में भाजपा नेताओं के बसका कुछ नहीं है और जिले का हाल बद से बदतर है। इसी कारण आज वें आजाद समाज पार्टी के समर्थन में पूरी तरह उतर गये हैं।





# भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने किया रामलीला टिल्ला पर प्रदर्शन

## - सड़कों पर उतरे क्षेत्र के लोग, नींद से जागा पालिका प्रशासन

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** अनुसूचित मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री अमित सुधा के नेतृत्व में गुरूवार को दर्जनों लोगों ने क्षेत्र की हो रही उपेक्षा के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान आबकारी रोड वाल्मीकि बस्ती रामलीला टिल्ला चौकी के समीप बीते दिनों शहर में हो रही लगातार बारिश के कारण मेन रोड नाले की पुलिया की दीवार टूट कर नाले में गिर जाने से होने वाली परेशानी से पालिका प्रशासन को अवगत कराने के बाद कोई राहत न मिलने पर विरोध दर्ज किया गया। प्रदर्शन कर लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिया की दीवार के नाले में गिर जाने के कारण पुलिया के ऊपर स्लेप गिरने का खतरा बढ़ जाने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त करते हुए पालिका चेयरपर्सन से समस्या निदान कराए जाने की मांग की। गुरूवार को हुए विरोध प्रदर्शन के बीच पालिका प्रशासन ने इस बीच सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंच टूटी पुलिया को ठीक करने का काम शुरू कर दिया। इस बीच स्थानीय लोगों ने नगर पालिका द्वारा किए गए निर्माण कार्य के लिए पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दर्जनों लोग प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा गांधी कालोनी में की गयी अरदास

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)।** श्री गुरु सिंह सभा (रजि.) मुजफ्फरनगर द्वारा गुरुद्वारा गांधी कालोनी मुजफ्फरनगर में आज पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के आकस्मिक निधन एवं उत्तराखंड प्राकृतिक आपदा धराली मे मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिये गुरु चरणों में अरदास की गई और सभी मृतक परिवारों को यह दुख सहन करने की वाहेगुरु जी हिम्मत और हौसला दे तथा उत्तराखंड एवं केंद्र सरकार से मांग की गई कि आपदा मे फंसे लोगों को युद्ध स्तर पर बचाया जाये एवं घायल परिवारों को यथासंभव मदद की जाये। अरदास में श्री गुरु सिंह सभा (रजि.) मुजफ्फरनगर के प्रधान सतपाल सिंह मान, महासचिव अजीत सिंह मलिक, मदन सिंह छाबड़ा, त्रिलोचन सिंह गंभीर, हरजीत सिंह चावला, रविंद्र सिंह गंभीर, हरजीत सिंह गुराया, धनप्रीत सिंह बेदी, गुरुचरण सिंह बराड, गुरचरण सिंह, रणजीत सिंह राजपाल, कश्मीर सिंह चाहल, जसबीर सिंह गिल, जसविंदर सिंह बग्गा, स्वीटी बेदी, जगप्रीत सिंह छाबड़ा, वजीर सिंह राजा, इकबाल सिंह नारंग, सुरेंदर सिंह गंभीर, स्वर्णजीत सिंह बुद्धिराजा, हरप्रीत सिंह सन्नी, जसप्रीत सिंह मोंटू चावला, जसबीर सिंह जसविंदर सिंह बग्गा, मोहन सिंह खालसा, प्रभजोत सिंह रिंकू, जगप्रीत सिंह नागपाल, सुखदर्शन सिंह बेदी, देवेंदर सिंह चड्ढ़ा, रंजीत सिंह राजपाल आदि शामिल हुये।

# मोदी सरकार के काम को मिला बड़ा नाम, फिर गिनीज बुक में दर्ज

## -दो उपलब्धियां अकेले धर्मेंद्र प्रधान के खाते में

**नई दिल्ली, 08 अगस्त (एजेंसी)।** पीएम मोदी सरकार के कामकाज को फिर सम्मान मिला है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पीएम के नेतृत्व में योजनाओं और नवाचार को वैश्विक मान्यता दिला रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय की इस पहल पर पीएम मोदी ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स बनाया। जी हां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम एक बार फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हो गया है। हाल ही में पीएम मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को एक महीने में 3.53 करोड़ रजिस्ट्रेशन के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली। खास बात ये है कि एक बार फिर धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व वाले मंत्रालय से जुड़ी पहल को लेकर पीएम मोदी ने यह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

यह दूसरा अवसर है जब धर्मेंद्र प्रधान के मंत्रालय ने गिनीज बुक में जगह बनाई है। "परीक्षा पे चर्चा" को एक महीने के भीतर सबसे अधिक पंजीकरण प्राप्त करने वाले नागरिक सहभागिता मंच के रूप में गिनीज बुक में स्थान मिला है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा से पहले छात्रों के साथ संवाद करते हैं, देशभर में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच जबरदस्त उत्साह और भागीदारी का कारण बनता है। यह न केवल परीक्षा के तनाव को कम करता है, बल्कि उसे प्रेरणा और प्रोत्साहन के उत्सव में बदल देता है। इससे पहले 2015 में जब प्रधान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री थे, तब भी उनके एक कार्यक्रम को गिनीज बुक में जगह मिली थी, तब 'पहल' (एलपीजी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) योजना के तहत 12.57 करोड़ परिवारों को नकद हस्तांतरण उपलब्ध कराने के लिए इसे दुनिया के सबसे बड़े नकद हस्तांतरण कार्यक्रम के रूप में मान्यता मिली थी। अब तक मोदी सरकार की चार पहल को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें से दो पहल धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में क्रियान्वित की गईं। इनके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (2015) और प्रधानमंत्री जन धन योजना को भी रिकॉर्ड बुक में स्थान मिला है। हालांकि धर्मेंद्र प्रधान की दो अलग-अलग मंत्रालयों में नेतृत्व वाली योजनाओं को गिनीज रिकॉर्ड मिला है, जो एक दुर्लभ उपलब्धि है।








# राष्ट्रीय अंग दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)।** राष्ट्रीय अंग दिवस के अवसर पोस्टर प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में कराई गई, जिसमें बच्चों ने बढ़कर चढ़कर भाग लिया। डॉ. ईश्वर चंद्र द्वारा अंगदान को मानव अपने किन-किन अंगों का दान कर सकता है, विषय पर बच्चों को पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक कुलभूषण बजाज, विनोद जलौत्रा, अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अनिल सोबती, अरुण खंडेलवाल, राजेश, सुभाष साहनी, अजय भार्गव, भारती साहनी, मधु भार्गव ने अपनी देखरेख में प्रतियोगिता कराकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। प्रधानाचार्य कौशल आर्य व सभी अध्यापक एवं अध्यापकों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ।



# शारदेन विद्यालय की छात्राओं ने एसएसपी को बांधी राखी

**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)।** शारदेन विद्यालय की छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर एसएसपी कार्यालय में पहुंचकर उन्हें राखी बांधी। इस दौरान इन छात्राओं ने उनके साथ में अपने त्यौहार की खुशियां बांटी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके जीवन लक्ष्य के विषय में पूछा और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार न केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द का भी संदेश देता है। शारदेन विद्यालय की छात्राओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साथ बिताए गए यह पल हमेशा ही यादगार रहेंगे। इस अवसर पर एसएसपी ने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल की अध्यापिका शक्ति बंसल, अलका वर्मा और शिवानी वशिष्ठ उपस्थित रहीं। विद्यालय की ओर से एसएसपी का आभार व्यक्त किया गया और उन्हें अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया गया।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र (HARSH KUMAR), ने अनुक्रमांक 25178044 कक्षा-10, वर्ष 2023 में विद्यालय- सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल, पीनना, जिला- मुजफ्फरनगर से CBSE बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है, विद्यालय रिकार्ड में गलती से छात्र की माता का नाम गीता रानी (GEETA RANI) दर्ज हो गया है, जबकि छात्र की माता का सही नाम (GEETA) है। यह गलती हमारी वजह से हुई है, जिससे कि छात्र को भविष्य में अग्रेतर शिक्षा एवं अन्य क्रियाकलापों में कठिनाईयाँ आएंगी। अतः उपरोक्त के सापेक्ष, साक्ष्य के तौर पर निम्न दस्तावेज, जो कि सुधार की पुष्टि करते हैं, प्रस्तुत हैं। जन्म प्रमाण-पत्र की संख्या-29/2013, जारी दिनांक 24/04/2025 के अनुसार विद्यार्थी की माता का नाम गीता (GEETA) है, जो कि सही है।

सतीश कुमार पुत्र श्री शेर सिंह
निवासी-ग्राम पीनना, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर
मो. 8279667425

# रात में आवारा घूम रहे युवक कैमरे में हुए कैद

**बुढ़ाना, 07 अगस्त (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में आज बृहस्पतिवार की प्रथम रात्रि लगभग सवा बजे के आसपास गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में गांव में आवारा तरीके से घूम रहे कुछ नवयुवकों के चेहरे कैद हो गये। इसको लेकर गांव में घबराहट का माहौल बताया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इस तरह से ऐसे माहौल में इस तरह से घूमना शायद आजकल में ही किसी बड़ी वारदात को किए जाने का संकेत है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अफवाह भरे इस माहौल में अगर बुढ़ाना पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक करें तो अफवाह और दहशत फैलाने वाले बेनकाब हो सकते हैं। इसके अलावा गांव हरियाखेड़ा में रात होते ही अफवाहों का दौर शुरू हो जाता है कि फला जगह चोर हैं, लेकिन दिखता कोई नहीं।

## नाम परिवर्तन

मैं, सौरभ गुप्ता पुत्र अशोक कुमार गुप्ता, निवासी 152, साउथ सिविल लाइन, प्रकाश चौक, मुजफ्फरनगर, ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम अर्णव गुप्ता से बदलकर अर्णव अग्रवाल कर लिया है। अब से उसे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अर्णव अग्रवाल के नाम से जाना जाएगा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# द लर्निंग ट्री स्कूल गांधी कॉलोनी में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)।** "द लर्निंग ट्री स्कूल" में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर राखियों का निर्माण किया और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाली प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे एसएसपी संजय कुमार वर्मा और मुजफ्फरनगर बुलेटिन के मुख्य संपादक अंकुर दुआ के कार्यालय गए और उनको रक्षा सूत्र बाँधा। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संजय कुमार वर्मा ने बच्चों को त्यौहारों के माध्यम से खुशियाँ फैलाने का का संदेश दिया, वहीं अंकुर दुआ ने स्कूल के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और रक्षाबंधन की बधाई दी।

## श्री सुक्खन लाल आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज, मीरांपुर (मुजफ्फरनगर)

P/चुनाव/विज्ञप्ति/76-77/2025-26 दिनांक 07-08-2025

**चुनाव सूचना एजेंडा**

महिला शिक्षा समाज, मीरांपुर एवं द्वारा संचालित श्री सुक्खन लाल आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज, मीरांपुर (मुजफ्फरनगर) की साधारण सभा के सभी आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इस संस्था की प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 31-08-2025 दिन-रविवार को चुनाव अधिकारी द्वारा निम्न कार्यक्रमानुसार निम्नांकित पदों के लिए होगा ।

1- प्रधान, 2-उपप्रधान, 3- प्रबंधक तथा मंत्री, 4- उपप्रबंधक तथा उपमंत्री, 5- कोषाध्यक्ष, 6- सदस्य (छः)

चुनाव कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | मतदाता सूची का प्रकाशन | दिनांक 18.08-2025 | प्रातः 10 बजे |
| 02 | मतदाता सूची पर आपत्ति | दिनांक 18.08-2025 | प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक |
| 03 | आपत्तियों का निराकरण | दिनांक 18.08-2025 | प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक |
| 04 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | दिनांक 18.08-2025 | अपराह्न 1 बजे |
| 05 | नामांकन-पत्र प्रस्तुत करना | दिनांक 24.08-2025 | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| 06 | नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्तियों का निस्तारण | दिनांक 24.08-2025 | अपराह्न 12 बजे से 1 बजे तक |
| 07 | नामांकन पत्रों की वापसी | दिनांक 24.08-2025 | अपराह्न 1 बजे से 2 बजे तक |
| 08 | प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 24.08-2025 | अपराह्न 2 बजे से 3 बजे तक |
| 09 | चुनाव (यदि आवश्यक हुआ) | दिनांक 31.08-2025 | प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक |
| 10 | मतगणना व परिणाम की घोषणा | दिनांक 31.08-2025 | मतगणना के तुरन्त बाद |

**विशेष :** 1- चुनाव के समस्त कार्यक्रम विद्यालय परिसर में होंगे। मतदान गुप्त प्रणाली से होगा।
2- नामांकन शुल्क रुपये 500/- सिक्योरिटी शुल्क रुपये 1000/- एवं मतदाता सूची का शुल्क रुपये 25/- गत चुनाव की भांति ही रहेंगे।
3- अपूर्ण पते के कारण यदि किसी सदस्य के पास एजेंडा नहीं पहुंचा हो तो सूची प्रकाशन से पूर्व अपना पूर्ण पता भेजें, जिसको समय रहते ठीक किया जा सके। सधन्यवाद।

(मनीष कुमार संगल)
प्रबंधक - श्री सुक्खन लाल आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज, मीरांपुर, मुजफ्फरनगर

(श्री संजय कुमार पंत)
चुनाव अधिकारी (क.प्र.)- डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज, जानसठ, मुजफ्फरनगर

# मेरठ-पौड़ी राजमार्ग बाढ़ के पानी से डूबा, बिजनौर से मुजफ्फरनगर व मेरठ का संपर्क टूटा

## ▶▶ पुलिस ने गंगा बैराज पर बैरियर लगाकर आवागमन रोका, यात्री परेशान

**रामराज, 07 अगस्त (बु.)।** उत्तराखंड के धराली में बादल फटने के बाद गंगा बैराज पर गंगा रौद्र रूप में बह रही है। गंगा में आए उफान से बिजनौर जिले की हेमराज कॉलोनी के निकट मेरठ-पौड़ी राजमार्ग की सड़क पर कई-कई फीट पानी आ गया है, जिससे बिजनौर से मुजफ्फरनगर व मेरठ का संपर्क टूट गया तथा पुलिस ने बिजनौर व गंगा बैराज पर समस्त वाहनों के अलावा पैदल यात्रियों को रोक दिया। हरिद्वार से लगातार छोड़े जा रहे पानी से मध्य गंगा बैराज पर गंगा खतरे के निशान 220 मीटर को पार करके 220.20 मीटर पर बह रही है। बुधवार को गंगा का जलस्तर अधिकतम तीन लाख 62 हजार क्यूसेक पहुंच गया था, जिसके बाद गुरुवार की सुबह को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने गंगा बैराज के डाउनस्ट्रीम में जलस्तर 220.60 मीटर तथा 268279 क्यूसेक निस्सारण की माप दर्ज की, जबकि अत्यधिक सिल्ट आने के कारण मध्य गंगा नहर स्टेज 1 व 2 को बंद कर बैराज के सभी 28 गेट पानी के निस्सारण के लिए खोल दिये गए। वहीं हरिद्वार से सुबह 6 बजे 226,932 पानी ओर छोड़ा गया, जो देर रात तक गंगा बैराज पहुंचेगा, जबकि बाढ़ का पानी बिजनौर जिले की हेमराज कालोनी के निकट मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर कई-कई फीट भर गया, जिससे बिजनौर से मुजफ्फरनगर व मेरठ जिले का सम्पर्क टूट गया। इसके साथ ही पानी जीवनपुरी, रामपुर ठकरा में ग्रामीणों के घरों में पहुंच गया है। बाढ़ आने से ग्रामीणों को रहने, खाने-पीने के साथ-साथ पशुओं के लिए चारा की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि राजमार्ग पर दोनों जिलों का संपर्क टूटने के बाद पुलिस ने बिजनौर के अलावा गंगा बैराज पर बैरियर लगाकर समस्त वाहनों के अलावा पैदल यात्रियों को भी रोक दिया है, जिससे थोड़ी ही देर में मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर जाम लग गया। इसके बाद भी हजारों लोग अपनी मंजिल पर पहुंचने के लिए बसों से उतरने के बाद कई-कई किलोमीटर पैदल चलकर बैराज पर पहुंच रहे हैं, जहां पर आवागमन पूरी तरह से बंद होने के चलते लोग घंटों तक प्रतीक्षा कर रहे हैं तथा बाद में वापस लौट रहे हैं।









### घरों में भरा पानी, छत पर बना खाना

**रामराज, 07 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिले की जानसठ तहसील के गांव जीवनपुरी व रामपुर ठकरा में बाढ़ का पानी करीब तीन फीट भर गया। बाढ़ का पानी प्राथमिक विद्यालय में भरने के बाद गुरूवार को विद्यालय बंद रहा। घरों में पानी घुसने के बाद गुरूवार ग्रामीणों ने गेंहू के बोरे व घर का खाने-पीने का सामान मकान की छत पर पहुंचा दिया। दोपहर में ग्रामीणों को छत पर बैठकर ही खाना बनाना पड़ा।

### मीडिया को कवरेज करने से रोका

**रामराज, 07 अगस्त (बु.)।** रामराज के मध्य गंगा बैराज पर जलस्तर बढ़ने के बाद जानसठ तहसील के गांव जीवनपुरी व रामपुर ठकरा में कवरेज करने जा रहे मीडियाकर्मियों को भी पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों का आदेश होने का हवाला देते हुए बैराज पर ही रोक दिया। बता दें कि मीरापुर में पुलिस ने मोंटी तिराहे पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया। राजमार्ग पर आवागमन बंद होने के बाद प्रतिदिन सफर करने वाले सैकड़ों लोग परेशान दिखाई पड़े।

### राहुल के दावों को यूपी चुनाव आयोग का करारा जबाव, बोला- जो नाम आप ले रहे हैं वो नहीं हैं हमारे पास

**लखनऊ, 7 अगस्त (एजेंसी)।** राहुल गांधी को यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जवाब दिया है। रिणवा ने राहुल गांधी के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें आदित्य श्रीवास्तव और विशाल सिंह के नाम दूसरे राज्यों के साथ-साथ यूपी के वाराणसी और लखनऊ की विधानसभाओं में दर्ज होना बताया गया था। नवदीप रिणवा ने बताया, राहुल गांधी ने दावा किया कि दो मतदाता आदित्य श्रीवास्तव (इपिक नंबरः एफपीपी 6437040) और विशाल सिंह (इपिक नंबरः आईएनबी 2722288) के नाम एक से अधिक राज्यों की मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट से 16 मार्च, 2025 को निकाले गए डेटा पर आधारित हैं। आयोग ने कहा, आज 7 अगस्त को चुनाव आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर इन दोनों मतदाताओं के नाम और इपिक नंबर सर्च किए गए, तो आदित्य श्रीवास्तव (इपिक नंबरः एफपीपी 6437040) का नाम केवल बेंगलुरु अर्बन की विधानसभा 174 (महादेवपुरा), बूथ संख्या 458, क्रमांक 1265 पर ही दर्ज पाया गया। इसी तरह विशाल सिंह का नाम भी केवल बेंगलुरु की विधानसभा 174 (महादेवपुरा), बूथ संख्या 513, क्रमांक 926 पर ही दर्ज है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा 173 (लखनऊ पूर्व) और 390 (वाराणसी कैंट) में इन दोनों के नाम मतदाता सूची में नहीं मिले। इसके अलावा मुंबई सब अर्बन की विधानसभा 158 (जोगेश्वरी पूर्व) में भी आदित्य श्रीवास्तव का नाम दर्ज नहीं पाया गया।

### जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सीआरपीएफ का वाहन खाई में गिरा, तीन जवानों की मौत

**उधमपुर, 7 अगस्त (एजेंसी)।** जम्मू के उधमपुर में एक बड़ा हादसा हो गया। बसंतगढ़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल जवानों की एक गाड़ी खाई में गिर गई, जिसके कारण 3 जवानों की मौत हो गई और कई घायल हैं। सभी घायलों को कमांड अस्पताल भेजा गया है। हादसे का कारण क्या रहा, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने हादसे को लेकर दुख जाहिर किया है। उधमपुर के एडिशनल एसपी संदीप भट ने जानकारी देते हुए बताया, "जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में कंडवा के पास एक सीआरपीएफ वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 3 जवानों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है।" केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने हादसे को लेकर दुःख जाहिर किया। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पोस्ट में लिखा, "कंडवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ के एक वाहन के एक्सीडेंट की खबर सुनकर दुखी हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोग खुद से ही मदद के लिए आगे आए हैं। हर संभव सहायता की जा रही है।"

### महिला शिक्षिका ने स्कूल संरक्षक पर लगाया जबरदस्ती करने व अश्लील हरकत करने का आरोप

**खतौली, 7 अगस्त (बु.)।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल की महिला शिक्षिका ने स्कूल के संरक्षक व क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू पर अश्लील व्यवहार, गाली गलौच व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मेरठ के पल्लवपुरम निवासी शैली जाटव पत्नी दीपक कुमार ने खतौली कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि वह लाल दयाल पब्लिक स्कूल खतौली में पीटीआई के पद पर कार्यरत थी। पीड़िता ने बताया कि वह जब स्कूल में अपना कार्य कर रही थी, इसी बीच स्कूल के संरक्षक राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू से जब उनके ऑफिस में जाकर अपना वेतन मांगा तो राजवीर सिंह ने उसके साथ अश्लील बातें करनी शुरू कर दी। शैली का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो राजवीर सिंह ने गाली गलौच और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया। पीड़िता शैली का कहना है कि राजवीर सिंह द्वारा उसके साथ जबरदस्ती की गयी। उसके चिल्लाने पर विद्यालय के कुछ लोगों ने उसे किसी प्रकार बचाया। पीड़ित शैली ने कोतवाली पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर एससी, एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा को झटका, उच्चतम न्यायालय ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस वर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहते अपने घर से जला हुआ कैश मिलने के मामले में जांच कमेटी की रिपोर्ट को अमान्य करार देने की मांग की थी। जस्टिस यशवंत वर्मा ने याचिका में इन हाउस कमेटी के गठन, रिपोर्ट और पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से उन्हें पद से हटाए जाने की सिफारिश का विरोध किया था, जिसे लेकर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से कड़े सवाल किए थे। कोर्ट ने पूछा था कि अगर वह जांच करने वाली इन हाउस कमैटी को अवैध मानते थे, तो उसके सामने पेश क्यों हुए या उसी समय कोर्ट क्यों नहीं आए और वह ये सब दलीलें तब दे रहे हैं, जब कमेटी की रिपोर्ट उनके खिलाफ आई है। अपने खिलाफ रिपोर्ट आने के बाद कमेटी को अवैध कहना क्यों शुरू किया? जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि जांच कमेटी के गठन में कोई कानूनी कमी नहीं थी। हालांकि, कोर्ट ने माना कि उनके घर पर मिले जले हुए कैश का वीडियो अपलोड करना गलत हो सकता है, लेकिन कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने तब उसका विरोध नहीं किया।

### अफवाह के चलते चोर समझकर फौजी सहित दो बाइक सवारों को पीटने वाले व्यक्तियों पर मुकदमा

**चरथावल, 07 अगस्त (बु.)।** अफवाह के चलते चोर समझकर फौजी सहित दो बाइक सवारों की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। फौजी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद व पंद्रह अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना तितावी क्षेत्र के गांव सोहजनी निवासी विनोद कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई मोहन फौज में है। वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। एक अगस्त की रात्रि को वह अपने चचेरे भाई रोशन के साथ बाइक द्वारा बिरालसी नहर पटरी के रास्ते रिश्तेदारी में जा रहा था, जब यह दोनों ग्राम बलवाखेड़ी पुल के निकट पहुंचे, तो अचानक इनकी बाइक बंद हो गयी। रोशन बाइक के पास खड़ा रहा, जबकि मोहन पुल के पास बने मकान के पास गया। आरोप है कि मकान से निकले ग्रामीण सतीश, राजेन्द्र, इंद्राज, जोगिंदर, अर्जुन, विनोद, संदीप, ओमवीर व करीब पंद्रह अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व ईट-पत्थरों से हमला बोल दिया था, जिसमें दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गये थे। मोहन के पैर की दो अंगुली भी कट गई थी। मोहन की हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने विनोद कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पहले जुए में हार गया 25 हजार फिर पुलिस को दे दी लूट की झूठी सूचना, भेजा जेल

**चरथावल, 07 अगस्त (बु.)।** जुए में 25 हजार रुपए हारने के बाद घर वालों के डर से एक युवक ने 25000 रुपए की लूट की झूठी सूचना सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस ने गहनता से जांच की तो लूट की सूचना झूठी पाई गई। पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चरथावल थाना इलाके के गांव दधेडू कलां निवासी शिवा पुत्र सतवीर पंजाब में भट्टे पर काम करता है। बताया जाता है कि शिवा भट्टे से अपने घर पर आया हुआ था। 06 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर शिवा ने अपने साथ 25000 रुपए की लूट होने की सूचना वायरल कर दी। घटना की सूचना पर चरथावल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में गहनता से जांच करनी शुरू कर दी। वहीं घटनास्थल का सीओ सदर देवव्रत वाजपेई के द्वारा भी निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि जब पुलिस को शिवा पर शक हुआ, तो पुलिस ने शिवा के साथ सख़्ती से पूछताछ शुरू कर दी। बताया जाता है कि पुलिस पूछताछ में शिवा ने सारा सच उगल दिया। उसने पुलिस को बताया कि वह कल जुए में 25 हजार रुपए हार गया था। घर वालों को यह बात बताने की उसकी हिम्मत नहीं हो रही थी। घर वालों के गुस्से से बचने के लिए उसने लूट की झूठी सूचना दी थी। लूट की झूठी सूचना देने वाले शिवा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में दधेडू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने लूट की सूचना देने वाले आरोपी शिवा को जेल भेज दिया।

## छात्र हो जायें सावधान... अब नम्बर बढ़ाने के नाम पर भी ठगी कर रहे भाईजान





**मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। साइबर ठगों ने अब एक नया धंधा अपना लिया है। छात्रों का रोल नम्बर लेकर उन्होंने कहां से एग्जाम दिया था और क्या सैंटर था यह पूरी जानकारी हासिल करने के बाद छात्रों को फोन करके पहले उनके नम्बर बता रहे हैं फिर नम्बर बढ़ाने के नाम पर उनसे 4500 रूपये की वसूली की जा रही है। खतौली में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें देवांश कंसल नामक छात्र के मोबाइल पर समीर आलम नामक व्यक्ति का कॉल आया और उसने माध्यमिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद, गोरखपुर आफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर होना बताते हुए छात्र से पूछा कि क्या तुम्हारा एग्जाम अच्छा नहीं हुआ था। इस पर छात्र ने कहा कि उसका एग्जाम तो अच्छा हुआ था। इस पर आरोप समीर आलम नामक व्यक्ति ने कहा कि फिर तुम्हारे एग्जाम में 26 नम्बर ही कैसे आये हैं। जब छात्र ने पलटकर यह पूछा कि क्या तुम हमारी कॉपी चैक कर रहे हो, तो समीर ने बताया कि नहीं वह तो सिर्फ कम्प्यूटर ऑपरेटर है और जो चाहे वह कर सकता है। यदि तुम 4500 रूपये नम्बर बढ़वाने के नाम पर डाल सकते हो तो तुम्हारे नम्बर 26 से बढ़कर 50 हो जायेंगे। कॉल को संदिग्ध मानते हुए छात्र ने इसकी जानकारी अपने कॉलेज को दी, तो कॉलेज के प्रबंधकों ने छात्रों को साफतौर पर सावधान किया कि ऐसी किसी भी कॉल के झासे में आने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह की ठगी के मामले नम्बर बढ़वाने के नाम पर खूब चल रहे हैं। खतौली क्षेत्र के गांव पीपलहेड़ा निवासी एक छात्र से भी 8000 रूपये ठगे जा चुके हैं।**

## तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता कोर्ट में न्यायिक कार्य नहीं करेंगी, अधिकार सीज

**जानसठ, 07 अगस्त (बु.)।** तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता अब कोर्ट में न्यायिक कार्य नहीं करेंगी। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद (प्रयागराज) ने शिकायतकर्ता की शिकायत की जांच कराई तो, शिकायत सही पाई गई। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के आदेश पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके न्यायिक कार्य करने के अधिकारों को सीज कर दिया है। डीएम ने उनके स्थान पर तहसीलदार खतौली अरविंद कुमार को जानसठ तहसील कोर्ट में न्यायिक कार्य करने के लिए आदेशित किया है। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने कृषि भूमि संबंधित दाखिल खारिज के कार्य करने के लिए नायब तहसीलदार अजय कुमार को आदेश दिए हैं। बता दें कि खतौली तहसील में पिछले माह सरकारी कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर शामिल हुए थे। उस दौरान तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता की तैनाती खतौली तहसील में ही थी। कार्यक्रम के दौरान कुछ किसानों ने तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता के खिलाफ शिकायतें मंत्री के समक्ष की थी। मंत्री से की गई शिकायतों की जांच सीडीओ को सौंपी गई थी। उस वक्त खतौली की तत्कालीन एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने भी अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी। बाद में तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता का स्थानांतरण बुढ़ाना तहसील में कर दिया गया था। खतौली तहसील के गांव रायपुर नंगली निवासी मृतक जगदीश प्रसाद की वसीयत के मामले में पीड़ित स्वजन के द्वारा तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए, इसकी शिकायत उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद (प्रयागराज) से अपने अधिवक्ता के माध्यम से शिकायत की थी। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के द्वारा शिकायत की जांच पड़ताल करवाई गई थी। जांच पड़ताल में शिकायत सही पाई गई। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने बताया कि डीएम के आदेश पर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता के न्यायिक कार्य करने के अधिकारों को सीज कर दिए गए हैं।

### रामराज खादर में टूटा तटबंध

**रामराज, 07 अगस्त (बु.)।** गुरूवार की सुबह बैराज से गांव शाहपुर तक कई गांवों के सामने बने हुए तटबंध के ऊपर से पानी उतरने लगा, तो ग्रामीणों ने मिट्टी व लकड़ी डालकर तटबंध की मरम्मत की। इसके बावजूद भी रामराज खादर क्षेत्र के खेड़ा मुजाहिदपुर में पानी के तेज बहाव से मिट्टी का तटबंध टूट गया तथा बाढ़ के पानी ने यहां आसपास के जंगल में फसलों को जलमग्न कर दिया, जबकि पानी के बस्ती की ओर आने की संभावना बनी हुई है। सूचना पर पहुचे रामराज एओ सुनील कसाना ने सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर के साथ खादर के गांवों में पहुँचकर सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की।

### पुलिस ने किया दुर्व्यवहार

**रामराज, 07 अगस्त (बु.)।** राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन होने के बाद लोग अपने बच्चों को साथ लेकर पैदल ही मंजिल की ओर जा रहे थे, जब लोग बिजनौर जिले की पुलिस चौकी पर पहुंचे, तो यहां पर तैनात एक दरोगा ने लोगों के साथ अभद्रता की। आरोप है कि जब लोगों ने यहां से आगे बढ़ने का प्रयास किया, तो दरोगा ने लाठी भी फटकार दी, जिसके बाद लोगों ने पुलिस से कड़ा विरोध किया।

### अधिकारियों ने दौरा कर स्थिति का जायजा लिया

**रामराज, 07 अगस्त (बु.)।** रामराज क्षेत्र के खेड़ा मुजाहिदपुर में तटबंध टूटने की सूचना पर पहुचे सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर, एसडीएम जानसठ जयेन्द्र कुमार, एडीएम ई, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता व एसओ सुनील कसाना ने जीवनपुरी, रामपुर ठकरा के अलावा खेड़ा मुजाहिदपुर के क्षतिग्रस्त तटबन्ध का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों को गंगा किनारे न जाने तथा सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की।

## बिजनौर बैराज से गंगा में 1.75 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा, अलर्ट जारी

**बिजनौर, 7 अगस्त (एजेंसी)।** बिजनौर बैराज से मंगलवार सुबह 1.75 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सोमवार की देर शाम 1.50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। इसके चलते जलस्तर में इजाफा होने की संभावना है। इसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही बाढ़ चौकी, लेखपाल व गोताखोर टीम तैनात कर दी हैं।

पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण बिजनौर बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इससे गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। गंगा का पानी प्लेटफॉर्म और आरती स्थल को पार कर शनिदेव मंदिर से भी आगे पहुंच गया है। घाटों की सीढ़ियां जलमग्न हो गई हैं। अहार क्षेत्र में भी गंगा के जलस्तर में वृद्धि देखी गई है। नरौरा में जलस्तर अब लो फ्लड से मध्यम फ्लड में पहुंचने वाला है। पानी के बुधवार तक अनूपशहर पहुंचने की संभावना है। एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल के अनुसार तहसील में कंट्रोल रूम बनाया गया है। गंगा घाट पर गोताखोरों की टीम मौजूद है। प्रशासन 24 घंटे स्थिति पर नजर रख रहा है। सिंचाई एक्सईएन ड्रेनेज अनुज तिवारी और सिंचाई विभाग के जेई उमेश कुमार ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश के चलते बिजनौर बैराज से गंगा नदी में पानी और छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि अभी घबराने वाली बात नहीं है। नरौरा में गंगा खतरे के निशान से करीब एक मीटर नीचे है। सिंचाई विभाग की टीम उनके नेतृत्व में सभी स्थानों पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर रही है। वहीं, नरौरा गंगा बैराज पर गंगा नदी के जल स्तर में वृद्धि होने लगी है। बैराज पर कुल पानी की आवक 94,925 क्यूसेक प्रति सैकेंड हो रही है।



## लाखों के जेवर के साथ चोर व खरीदार सर्राफ गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने मकान से सोने चांदी के जेवरात चोरी करने के आरोपी शातिर चोर को जेवरात सहित व इसी के साथ-साथ जेवरात खरीदने वाले सर्राफ को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से लाखों के जेवरात बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।**

**पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व गौशाला नदी रोड से अनुज सैनी के मकान से सोने व चांदी के जेवरात चोरी हो गए थे, जिसकी रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली के एसएसआई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि न्याजुपुरा चरथावल रोड से चोर शोयब निवासी मिमलाना रोड व साथ ही साथ जेवर खरीदने वाले सर्राफ राजकुमार वर्मा निवासी रामपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लाखों रुपये के जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी शोयब ने अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बताया कि उसने कुछ दिन पूर्व गौशाला रोड पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चांदी के दो ब्रेसलेट उसने रामपुरी के सर्राफ राजकुमार को बेचे थे। पुलिस ने दोनों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है।**




## राहुल का आरोप : ईसी ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया, स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर किया दावा- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम

**नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने गुरूवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। कर्नाटक में एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग बूथ की वोटर लिस्ट में मौजूद है। लिस्ट में कई जगह लोगों के फोटो नहीं हैं। वहीं, कई जगह फर्जी पते लिखे गए हैं। कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से 1 लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला। कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को 6,26,208 वोट मिले। भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई, तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल ने कहा- इस हिसाब से देखें तो 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी।



## यूपी एसटीएफ को बड़ी कामयाबी : प्रयागराज में 4 लाख का इनामी कुख्यात गैंगस्टर छोटू धनबादिया ढेर

**प्रयागराज, 7 अगस्त (एजेंसी)।** प्रयागराज में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। बुधवार रात को एसटीएफ ने झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर छोटू धनबादिया उर्फ आशीष रंजन को ढेर कर दिया। ये मुठभेड़ शंकरगढ़ क्षेत्र में हुई। इस दौरान छोटू धनबादिया, जिस पर चार लाख रुपये का इनाम था ने पुलिस पर एके-47 से फायरिंग की, जिसके पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। गैंगस्टर छोटू धनबादिया प्रयागराज में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में पहुंचा था। इसी बीच यूपी एसटीएफ को इसकी भनक लग गई, जिसके बाद पुलिस ने उसकी घेराबंदी का प्लान बनाया और शंकरगढ़ क्षेत्र में उसे घेर लिया। शिवराज चौराहे पर पुलिस ने छोटू धनबादिया को रोकने की कोशिश, लेकिन पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की और बचने के लिए एके-47 और 9एमएम पिस्टल से एसटीएफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में छोटू धनबादिया को भी गोली लग गई और वो ढ़ेर हो गया। पुलिस को मौके से एके-47, पिस्टल और भारी मात्रा में 9एमएम कारतूस व अन्य आपराधिक सामग्री बरामद हुई है। छोटू पर कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे।



### मकान की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिरने से नुकसान

**चरथावल, 07 अगस्त (बु.)।** ग्राम कुटेसरा में लगातार हो रही बरसात के कारण एक ग्रामीण के मकान की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचायी। मलबे में दबने से पीड़ित का हजारों रुपए का सामान नष्ट हो गया। भाकियू किसान योद्धा के राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी ने प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा के मौहल्ला इब्राहीम पट्टी निवासी किसान रियाज का पुराना कड़ियों का मकान था। वह स्वजन के साथ इस मकान में रहता था। कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण गुरुवार को रियाज के मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचायी। छत के मलबे में दबने से मकान में रखा हजारों रुपये का सामान नष्ट हो गया। छत गिरने से पीड़ित के सिर पर छत का साया नहीं रहा। भाकियू किसान योद्धा के राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी का इसकी सूचना अधिकारियों को देकर जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की गयी है। लेखपाल रमेश चंद ने मौका मुआयना किया।

## पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारे राजू तिवारी उर्फ रिजवान-संजय उर्फ शकील सीतापुर एनकाउंटर में ढेर

**सीतापुर, 7 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी से बड़ी खबर सामने आई है। सीतापुर में करीब 5 महीने पहले हुए पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड मामले में पुलिस ने एनकाउंटर किया है। नोएडा एसटीएफ टीम और सीतापुर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में हत्याकांड में शामिल दोनों अपराधियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। एनकाउंटर सीतापुर के पिसावा थाना क्षेत्र में हुआ है। पिछले करीब 5 महीने से पुलिस को इन दोनों हत्यारों की तलाश थी। अब पुलिस ने राजू तिवारी उर्फ रिजवान और संजय तिवारी उर्फ शकील को एन्काउंटर में मार गिराया है। बता दें कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपई की हत्या में शामिल रहे इन दोनों बदमशों के ऊपर पुलिस ने 1-1 लाख का इनाम रखा था। दोनों बदमाश सीतापुर के अटवा थाना के मिसरिख के रहने वाले हैं। दोनों की पहचान राजू तिवारी उर्फ रिजवान और संजय तिवारी उर्फ शकील के तौर पर हुई है। दोनों आपस में सगे भाई थे। इनके पिता का नाम कृष्ण गोपाल उर्फ करीम खान है। आपको बता दें कि बदमाश राजू उर्फ रिजवान पर लखीमपुर खीरी के उप निरीक्षक परवेज अली की हत्या का भी आरोप है। ये घटना साल 2006 की है। राजू उर्फ रिजवान पर आरोप है कि इसने हत्या करके, उनकी सरकारी रिवॉल्वर लूट ली थी। संजय उर्फ शकील ने साल 2011 में सहाय शुक्ला की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन दोनों भाइयों पर लूट, हत्या, डकैती के 2 दर्जन मामले दर्ज थे।



## बिजनौर में एसडीएम की गाड़ी को ट्रैक्टर से खींचा, शिव मंदिर राप्ती में समाया

**बिजनौर, 7 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी में इस सीजन मानसून मेहरबान है। लगातार बारिश से नदियां और नाले उफान पर हैं। प्रयागराज, वाराणसी समेत 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं बिजनौर में मालन नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे कोतवाली देहात-बिजनौर मार्ग पर कमर तक पानी भर गया। जिसमें एसडीएम की गाड़ी फंसकर बंद हो गई, जिसे ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया। एसडीएम अमरपाल सिंह तीन लोगों के साथ गाड़ी में ही बैठे थे। फतेहपुर में चार पीपों का बना एक पुल यमुना नदी के तेज बहाव में बह गया। इसका वजन करीब 20 टन के करीब था। लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी समेत 10 शहरों में बारिश शुरू हो गई है। प्रयागराज में गंगा और यमुना दोनों नदियां खतरे के निशान से करीब 1 मीटर ऊपर बह रही हैं। यहां कई इलाकों में 3 फीट तक पानी भर गया है। मौसम विभाग ने आज 43 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 17 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। श्रावस्ती में राप्ती नदी भगवान शिव का मंदिर नदी में समा गया। वहीं, बलरामपुर में सरयू नहर में डॉल्फिन आ गई। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने डॉल्फिन को देखा। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी। एक घंटे बाद वन विभाग की टीम पहुंची और डॉल्फिन को रेस्क्यू कर नदी में छोड़ दिया। वहीं, गोंडा में 10 फीट लंबा अजगर नजर आया। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को जंगल में छोड़ा। वाराणसी में गंगा का जलस्तर अब हर घंटे 2 सेमी घटने लगा है। गंगा डेंजर लेवल से 72 सेमी ऊपर बह रही है।



